पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल से गणमान्य नागरिकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने भेंटकर होली की बधाई दी

हानिकारक रंगो से बचें और आर्गेनिक रंगों का ही प्रयोग करें
– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 7 मार्च, 2023

होली के पावन पर्व पर आज उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक, अल्पसंख्यक कल्याण वक्फ एवं हज विभाग के मंत्री श्री दानिश आजाद अंसारी, ए0डी0जी0 कानून व्यवस्था श्री प्रशांत कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, विश्वविद्यालय के कुलपतिगण एवं गणमान्य नागरिकों ने भेंट कर उन्हें बधाई दी।

इससे पूर्व राज्यपाल जी से प्रमुख सचिव श्रीमती कल्पना अवस्थी सहित राजभवन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बच्चों ने भेंट कर होली की बधाई दी। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने राजभवन में कार्यरत कर्मचारियों को होली के उपलक्ष्य में उपहार स्वरूप मिष्ठान वितरित कर उन्हें बधाई दी तथा सभी के मंगलमय जीवन की कामना की।

राज्यपाल जी ने कहा कि होली मिल जुलकर रहने और जीवन के रंगों को अपने भीतर आत्मसात करने का त्योहार है। होलिका दहन से हमें सीख मिलती है कि सारे बुरे कर्मों को छोडकर अच्छे कर्मों को अपनाना चाहिए। उन्होंने अपील की कि त्वचा के लिए हानिकारक रंगो से बचें और आर्गेनिक रंगों का ही प्रयोग करें।

डा0 सीमा गुप्ता/राजभवन
सम्पर्क सूत्र 9161668080